हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, शुक्रवार, 17 जनवरी 2025

## केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी का जनसंपर्क कार्यक्रम रविवार को

**नागपुर.**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितीन गडकरी का जनसंपर्क कार्यक्रम रविवार, 19 जनवरी को आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम खामला चौक के पास स्थित ज्युपिटर स्कूल के समीप मंत्री महोदय के जनसंपर्क कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। इस दौरान मंत्री महोदय नागरिकों से मिलकर उनकी समस्याएं और शिकायतें सुनेंगे। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपनी समस्याएं और मांगें लिखित रूप में (आवश्यक दस्तावेज संलग्न करके) लाकर मंत्री महोदय को सौंपें। इसके बाद, दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक, नितीन गडकरी भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।

# पार्टी को उद्धव ठाकरे चलाते हैं या संजय राउत?

**नागपुर.**

संजय राऊत पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। वे पार्टी का रुख तो पेश कर रहे हैं लेकिन कुछ ऐसे बयान भी देते हैं जिससे पता चलता है कि पार्टी के नेता उद्धव ठाकरे हैं या नहीं, पार्टी को उद्धव ठाकरे नहीं बल्कि संजय राउत चला रहे हैं.

एक इंटरव्यू में किशोर कुमेरिया ने कहा कि संजय राउत ने नागपुर आकर आजादी की घोषणा कर दी. उन्होंने नागपुर शहर में किसी भी पुराने शिवसैनिक से चर्चा या मुलाक़ात नहीं की. मैं नागपुर में 4 बार निर्वाचित शिवसेना का एकमात्र नगरसेवक हूं। मैं जिला प्रमुख हूं. पार्टी नेता के तौर पर संजय राउत को बयान देने का

### जिला प्रमुख से सीधा सवाल

**जिला प्रमुख ने कहा, 'स्वबल पार्टी के आदेश का पालन करेंगे लेकिन जिस तरह से पार्टी में शामिल हुए बाहरी लोगों का सम्मान किया जाता है, वफादारों की उपेक्षा की जाती है। यही वजह है कि शिवसैनिक नाराज हैं।**

अधिकार है. लेकिन पार्टी में किसी पुराने शिवसैनिक से चर्चा नहीं होती. इससे शिवसैनिक नाराज हैं। वफादार और मेहनती शिवसैनिकों ने पार्टी छोड़ दी. जिस क्षेत्र से मैं चुना गया हूं वहां लोग मुझे प्यार करते हैं. 4 बार पार्षद बनाया. जब मैं मेयर था तो 9 पार्षद चुने गए थे। इसके बाद उन्होंने आरोप लगाया कि 2007 से 2022 तक मुझे कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई.

साथ ही 2022 में जब मुझे जिला प्रमुख बनाया गया तो जिस विधानसभा क्षेत्र से मैं चुना गया था वह सीट मेरी जगह किसी और को दे दी गई, जिससे 5 पार्टियां बदल गईं. हम निष्ठावान एवं सच्चे कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। मातोश्रीवर ने कई बार उद्धव ठाकरे से मिलने की कोशिश की लेकिन कोई चर्चा नहीं हुई, कोई मुलाकात नहीं हुई. फिर भी कोई समाधान नहीं. शिवसैनिक पार्टी की कार्यप्रणाली से नाखुश हैं.



स्वाबल पार्टी के आदेशों का पालन करेंगे लेकिन जिस तरह से पार्टी में शामिल होने वाले बाहरी लोगों का सम्मान किया जाता है, वफादारों को छोड़ दिया जाता है। इसलिए वे परेशान हैं. जिला प्रमुख किशोर कुमेरिया ने कहा कि 30-35 साल तक काम करने वालों को सरकार के दौरान कुछ नहीं मिला, जो मिला वह बाहरी लोगों को दे दिया गया।

इस बीच संजय राऊत नागपुर आये, एक जिला प्रमुख से चर्चा की, समन्वय किया और जब मैं दूसरा जिला प्रमुख था तो मुझे नहीं बुलाया. कोई चर्चा नहीं. पुराने शिवसैनिकों को नहीं बुलाया गया. इसलिए हमें वह नाराजगी और पछतावा है। 15 साल मुझे जिला प्रमुख का पद दिया। उसके बाद एक महीने के अंदर ही जिस विधानसभा वार्ड से मैं 4 बार चुना गया, वह वार्ड मुझसे छीन लिया गया. अफसोस की बात है कि उन्होंने वह विधानसभा उन लोगों को दे दी है जिन्होंने 5 पार्टियां बदल लीं. मैंने लगातार उद्धव ठाकरे को स्थिति समझाने की कोशिश की. लेकिन किशोर कुमेरिया ने यह भी कहा कि कोई बैठक नहीं हुई और कोई चर्चा नहीं हुई.



राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को आज राजभवन में नागपुर सिटी पुलिस मुख्यालय की एक टीम ने सलामी दी.

# रेत के टीलों सहित गौण खनिज खनन पर अब ड्रोन से निगरानी

## विभागीय आयुक्त विजयलक्ष्मी बिदारी ने सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया, विशेष बैठक में समीक्षा की गई

**नागपुर**

प्रमंडलीय आयुक्त विजयलक्ष्मी बिदारी ने अवैध बालू एवं लघु खनिज खनन पर अंकुश लगाने एवं दोषियों पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए जिले के बालू घाटों एवं खदानों पर ड्रोन से निगरानी करने का निर्देश दिया है. बालू घाट एवं लघु खनिज को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया. इस बैठक में पुलिस महानिरीक्षक डॉ. दिलीप भुजबल, कलेक्टर डॉ. डॉ.विपिन इटनकर, जिला पुलिस अधीक्षक। श्री। डॉ. हर्ष पोद्दार, जिला खनन पदाधिकारी। अतुल डोड एवं अन्य उपस्थित थे।




ड्रोन के माध्यम से मौके पर फुटेज उपलब्ध होने से अपराधियों के विरूद्ध अपराध की आनुपातिकता सिद्ध करने के साथ-साथ ऐसी कार्यवाहियों में पारदर्शिता बढ़ानी होगी। वहीं, सरकार की एक्शन टीम भी इसके जरिए सुरक्षित रह सकती है और सबूत जुटा सकती है. उन्नत सेंसर और कैमरों से लैस ड्रोन बेहतर सुरक्षा के लिए समय पर कार्रवाई करने में सक्षम होंगे। ड्रोन तकनीक तेजी से और सटीक रूप से बड़े क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर सकती है, जिससे मानव-सहायता निरीक्षण के लिए आवश्यक समय और संसाधन कम हो जाते हैं। बैठक में कहा गया कि सटीकता से संबंधित अपराधियों को अलग नाम मिलेगा. फिलहाल जिले में 40 बालू घाट हैं. इस घाट से बालू तस्करी रोकने में काफी हद तक सफलता मिलेगी. प्रमंडलीय आयुक्त विजयलक्ष्मी बिदारी ने विश्वास जताया कि बालू घाट के साथ-साथ अवैध खनिज खनन पर भी काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है.

# सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज पर जनजागरण

**नागपुर.**

महानगरपालिका के लकडगंज झोन अंतर्गत सफाई मित्र अभियान के तहत जन जागरण किया गया। जोन अंतर्गत सामाजिक कार्यकर्ता जयेश पटेल के नेतृत्व में 15 सफाई मित्र को कार्यरत किया गया है। गुरुवार को जोन अंतर्गत मिनीमाता नगर में पानी टंकी के समीप स्वच्छता कर्मचारी और नागरिकों को 'सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज' और 14420 टोल फ्री हेल्पलाइन की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर जोन के स्वच्छता अधिकारी प्रमोद आत्राम के नेतृत्व में स्वास्थ्य निरीक्षक दिनेश जाधव और जोन की आईईसी टीम के सुपरवाइजर सुभाष सहारे समेत अन्य उपस्थित थे। इस दौरान सभी स्वच्छता कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों में मास्क, जॅकेट, हैंड ग्लव्स और जूतों को पहनने और पूरी कीट के सफाई करने को लेकर मार्गदर्शन किया गया। इसके साथ ही जल्द ही होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 को लेकर भी जानकारी दी गई।



स्वच्छता निरीक्षक दिनेश जाधव ने बताया कि ह्यूमन मॅट्रिक्स एजेन्सी को शहर भर में कचरा संकलन और स्वच्छता जनजागृती को सहयोग करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही स्वच्छता को लेकर लगातार निरीक्षण करने, रास्तों की स्वच्छता, फुटपाथ स्वच्छता, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, घरेलू कचरा संकलन और व्यवस्थापन, स्कूली स्वच्छता, वैद्यकीय कचरा व्यवस्थापन, नदी व नाला स्वच्छता, कचरे पर होने वाली प्रक्रिया, होम कम्पोस्टिंग, सी एन्डडी कचरा व्यवस्थापन के व्यवस्थापन को लेकर भी जानकारी दी गई। प्रत्येक स्थान पर गंभीरतापूर्वक सफाई को पूरा कर नागरिकों में स्वच्छता बनाये रखने को लेकर मार्गदर्शन भी करना है। स्वच्छता अभियान अंतर्गत सफाई सुरक्षा चैलेंजर अभियान को आरंभ किया गया है। अभियान में प्रत्येक प्रभाग और वार्ड में सफाई करने वाले कर्मचारियों को सुरक्षा कीट को पहनकर सफाई करने को लेकर जागरूकता की जा रही है। इसके साथ ही नागरिकों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन क्रमांक 14420 भी जारी किया गया है।

# सेंट्रल जीएसटी के 4 कर्मचारी सस्पेंड

## > टैक्स चोरी के नाम पर रुपए ऐंठने का आरोप

**नागपुर.**

केंद्रीय वस्तु व सेवा कर (सेंट्रल जीएसटी) नागपुर आयुक्तालय ने एक इलेक्ट्रानिक्स कारोबारी से रुपए ऐंठने के आरोप में अपने चार कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया। चार कर्मचारियों के सस्पेंशन से विभाग में हड़कंप मच गया है।

जिन चार कर्मचारियों को सस्पेंड किया गया है, उनमें दो अधीक्षक व दो निरीक्षक शामिल है। केंद्रीय वस्तु व सेवा कर नागपुर आयुक्तालय में पदस्थ अधीक्षक विजय सुंदर, आयुष अग्रवाल और निरीक्षक पवन सुतार व पुष्पेंद्र मणि त्रिपाठी अभ्यंकर नगर के एक बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबारी के ऑफिस गए और टैक्स चोरी में कार्रवाई करने की चेतावनी दी। आरोप है कि कार्रवाई नहीं करने के बदले में चारों कर्मचारियों ने रिश्वत की मांग की। बताया गया कि जीएसटी कर्मचारी जिस कारोबारी के आफिस में पहुंचे, वह बड़ा कारोबारी है। चर्चा है कि इन कर्मचारियों ने कार्रवाई नहीं करने के बदले में कारोबारी से कुछ रुपए भी लिए।




जीएसटी चोरी संबंधी सेक्शन इन कर्मचारियों के पास नहीं होने के बावजूद ये कर्मचारी 2 से 3 बार कारोबारी के पास पहुंचे थे। कारोबारी को संदेह हुआ और उसने इन कर्मचारियों की शिकायत सेंट्रल जीएसटी के मुख्य आयुक्त के पास कर दी। इसी तरह कर्मचारियों के इस कारनामे की शिकायत जीएसटी दिल्ली में भी करने की चर्चा है। कारोबारी के बड़े राजनेताओं से भी संबंध होने की चर्चा है।

शिकायत मिलने के बाद सेंट्रल जीएसटी का इंटेलिजेंस विभाग सतर्क हुआ और चारों कर्मचारियों पर नजर रखी। चारों कर्मचारी बगैर अनुमति कारोबारी के पास जाने की पुष्टि हुई। वीडियो फुटेज में कर्मचारियों की डिमांड भी सामने आने की चर्चा है। जब जीएसटी चोरी का सेक्शन इनके पास नहीं है, तो ये बगैर अनुमति वहां कैसे पहुंचे इस पर वरिष्ठ अधिकारियों ने चारों कर्मचारियों से पूछताछ की। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर सीजीएसटी के प्रधान आयुक्त अतुल रस्तोगी ने अधीक्षक विजय सुंदर व आयुष अग्रवाल को और आयुक्त अविनाश थेटे ने निरीक्षक पवन सुतार व पुष्पेंद्र मणि त्रिपाठी को सस्पेंड कर दिया।

## महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए रचनात्मक उत्सव

**नागपूर.** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने , लघु स्तरीय व्यवसाय के समर्थन के लिए वी डीम, क्राफ्ट्ज के तत्वावधान में नुसरत एवं साराह कुलसुम के प्रयासों से इस रचनात्मक उत्सव का आयोजन एनएमसी की अतिरिक्त आयुक्त आंचल गोयल की मुख्य अतिथि में किया जा रहा है। महिला उद्यमियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए यह एक मंच है। 80 से अधिक स्टॉलों में कपड़े, घर सजावट, हस्त निर्मित उत्पाद भोजन के अलावा प्रतियोगिताएं , मिट्टी के बर्तन चनाने की कार्यशालाएं, मनोरंजक खेल, डिजनीटरी प्रज़ेंस, फुड कोर्ट आदि उपलब्ध किए गये हैं।

कार्यक्रम में प्रमुख आईएएस, आईपीएस अधिकारी तथा गणमान्यजन की भाग लेने की प्रबल आशाएं हैं। यह गांधी ले आउट के अमराई लान में इस का समय शनिवार 18 जनवरी को दोपहर 2 बजे से रात 10 तक रहेगा । आयोजक ने उत्सव को सफल वनाने के लिए परिवार सहित अधिक संख्या में आमंत्रित किया है।

# व्यवसायी के बंद घर से चोरों ने उड़ाया 2 लाख का माल

**नागपुर.**



जरीपटका पुलिस थाना अंतर्गत बैंक कॉलोनी परिसर में एक बंद घर को निशाना बनाते हुए चोरों ने नगदी व सोने चांदी के आभूषण व नगदी पर हाथ साफ किया। जानकारी के अनुसार बैंक कॉलोनी स्थित प्लॉट नंबर 113 में आशिष अशोक मोटवानी (39) परिवार के साथ रहते हैं। मोटवानी फिशटेक सॉल्यूशन नामक कंपनी चलाते हैं जो की डिजिटल मार्केटिंग, पीआर सॉल्यूशन का विज्ञापन सेवाओं में माहिर हैं। चोरी की यह घटना 14 जनवरी 2025 की रात 8 बजे से 15 जनवरी 2025 की सुबह 9 बजे के बीच की बताई जा रही है। घटना वाले दिन आशिष काम के सिलसिले में मुंबई गए हुए थे जबकि उनकी पत्नी बच्चों के साथ मनीष नगर में रहने वाले अपने भाई के पास गई हुई थी। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने मकान की खिड़की की ग्रिल तोड़कर बेडरूम में प्रवेश किया और वहां रखी लोहे की अलमारी का लॉकर तोड़कर 1,25,000 रुपये नकद और सोने के आभूषण सहित करीब 2 लाख रुपये के माल को लेकर फरार हो गए। शिकायत के आधार पर जरीपटका पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 305(अ), 371(2), और 331(4) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच जरीपटका थाने के उपनिरीक्षक जांगीलवाड कर रहे हैं. पुलिस टीम चोरों की तलाश में जुटी हुई है और इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने का काम शुरू कर दिया गया है।

# सिटी में फुटपाथ फ्रीडम अभियान

## अवैध पार्किंग और हॉकर्स के खिलाफ कड़ी कार्रवाई

**नागपुर.**

नागपुर में फुटपाथों को अवैध पार्किंग और अस्थाई अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। नागपुर शहर के यातायात पुलिस विभाग ने बताया है कि कई वाहन चालक अपने वाहन सार्वजनिक रास्तों के फुटपाथ पर पार्क करते हैं, जिससे पैदल चलने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इतना ही नहीं, फुटपाथ पर अस्थाई व्यवसाय करने वाले हॉकर्स और उनके ग्राहक भी वाहनों को वहीं पार्क करते हैं, जिससे मुख्य सड़क पर आवागमन बाधित होता है और गंभीर हादसों का खतरा बढ़ जाता है। इसी समस्या को देखते हुए, पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम की धारा 122, 127 और 177 के तहत अवैध पार्किंग के खिलाफ टोइंग वाहन का उपयोग करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही, महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 102 और 117 के तहत अस्थाई अतिक्रमण करने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है। फुटपाथ फ्रीडम अभियान के तहत, अब इस कार्रवाई को और तेज और प्रभावी बनाया जाएगा। अवैध रूप से पार्क किए गए वाहनों को मनपा के टोइंग वाहन के जरिए जब्त किया जाएगा। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वाहन फुटपाथ पर पार्क न करें और केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करें। साथ ही, अस्थाई हॉकर्स को निर्देश दिया गया है कि वे फुटपाथ या सड़क किनारे ऐसे स्थान पर अपनी दुकान न लगाएं, जिससे यातायात बाधित हो। यातायात पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और फुटपाथ फ्रीडम अभियान को सफल बनाने में सहयोग दें।

# सिंधी समाज का स्नेह सम्मेलन व सत्कार समारोह संपन्न

**नागपूर.**

> सिंधी समाज का अगला भव्य सम्मेलन सिंधु के पावन तट पर मनाएंगे : प्रा. विजय केवलरामानी

> विजय केवलरामानी समाज के गौरव, पहचान और सम्मान के प्रतीक हैं: डॉ. नितिन राऊत

जरीपटका स्थित राजकुमार केवलरामानी कन्या महाविद्यालय के प्रांगण में मकर संक्राति के शुभ अवसर पर सिंधी समाज के स्नेह सम्मेलन व समाज व राष्ट्र के प्रति समर्पित प्रा विजय केवलरामानी के सत्कार समारोह का कार्यक्रम का आयोजन माननीन पूर्व महाराष्ट्र मंत्री व आमदार डॉ नितिन राऊत के मुख्य आतिथ्य, डॉ. उपेन्द्र कोठेकर (भाजपा के विदर्भ के सचिव), डॉ. श्रीमती वंदना खुशालानी, श्री राजू हिंदुस्तानी, श्री महेन्द्र धनविजय, श्री राजकुमार शर्मा, श्री दीपक बजाज, प्रा. श्री वाधनदास तलरेजा, डॉ. एन.पी. तोलानी, श्री जीतू बेलानी, श्री कमलेश राठी, श्री मुन्ना महाजन, श्री चिंतामणी वंजारी, प्राचार्या राधाकृष्ण, श्री जाधव, श्रीमती पूनम सोमकुंवर के विशेष आतिथ्य तथा श्री सुरेश जग्यासी की अध्यक्षता तथा श्री ठाकुरदास जग्यासी, प्रा. श्री पी.डी. केवलरामानी, श्री पुरुषोत्तम



रंगलानी, श्री कैलाश केवलरामानी, श्री प्रेम झामनानी, श्री चंद्र टेकचंदानी, डॉ. गुरमुख ममतानी, डॉ. श्याम केवलरामानी, श्री राजेश बटवानी, , श्री संदीप डोंगरे (एस.सी.एस. स्कूल के प्रेसिडेंट), श्री पप्पू जयसिंघानी, श्री टोपनदास जेस्वानी, , श्री जसविंदरसिंह सैनी, श्री समर्ष आचार्य, श्री सुरेश पुरोहित, श्रीमती सपना तलरेजा, श्रीमती प्रमिला मथरानी, प्राचार्या डिम्पी बजाज, श्री सच्चानंद हिरानी, प्राचार्या श्रीमती नीलम आहूजा, प्राचार्या डॉ. उर्मिला डबीर, प्रधानाध्यापिका श्रीमती रशमी वाधवानी, श्रीमती जया टहलरामानी, श्रीमती कंचन जग्यासी श्री राजू सावलानी, श्री अशोक केवलरामानी, श्री दिलीप बदलानी, श्री अली महुम्मद माला (कश्मीर), श्री प्रवीण लोनकर, श्री दिनेश वंजारी, श्रीमती प्रिया वंजारी, श्री मनीष घरडे, श्री वेदप्रकाश आर्य, श्री बंडूपंत टेंभुर्णे की प्रमुख उपस्थिती में आयोजित किया गया।

विधायक डॉ नितिन राऊत ने सबोधित करते हुए कहा कि समाज का गौरव उसकी सामाजिक संरचना, सांस्कृतिक धरोहर, और समग्र योगदानों से जुड़ा होता है। विभाजन में अपनी प्रांत खो चुका सिंधी समाज आज भारत देश की प्रगति में कधे से कधा मिलाकर चल रहा है यह सिंधी समाज का गौरव, यह समाज की पहचान और सम्मान का प्रतीक है जिसने 21 सदी की आधुनिकता में भी संस्कार, संस्कृति, सेवा, परोपकार, शिक्षा, ज्ञान, समानता, न्याय, एकता व सहयोग को समाज में कायम रखा है ।

इसी सिंधी समाज के स्नेह सम्मेलन में हमारे सिंधी समाज के हमारे वरिष्ठ कार्यकर्ता, समाज व राष्ट्र के प्रति समर्पित प्रा विजय केवलरामानी का सत्कार करने के लिए हम सब यहाँ इकठे हुए है यह बहुत खुशी की बात है।

सत्कारमूर्ति प्रा.विजय केवलरामानी ने कहा कि सिंधी समाज की समस्याएं पिछले 77 वर्षों से हल नहीं हुई हैं। जैसे की सिंध मुक्त कराकर अखंड भारत का निर्माण करना। विदर्भ स्तर पर सिंधी बंधुओं को एकसूत्र में पिरोकर संगठित कर, समस्याएं जब तक हल नहीं होती संघर्ष करना, विदर्भ स्तर पर सभी प्रमुख शहरों का दौरा कर सिंधी बंधुओं के सम्मेलन आयोजित करना। प्रा. विजय केवलरामानी ने उपरोक्त समस्याओं के लिये बुजुर्गों से आशीर्वाद व युवकों से कमर कसकर संघर्ष के लिये तैयार रहने का आव्हान किया है।




CMYK

# किसान सम्मान निधि का पारशिवनी में जनजागृति अभियान

**13,336**

**किसानों का पंजीकरण**



पारशिवनी.

पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों की समस्याओं को दूर करने और उनकी पात्रता सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग द्वारा 15, 16 और 17 जनवरी को ग्राम पंचायत स्तर पर जन जागृति शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। पारशिवनी तहसील में अब तक 13336 किसानों ने पंजीकरण कराया है। इनमें से 971 लाभार्थी अ-ट्रेसेबल (इ-केवाईसी अधूरी), 1023 आधार और बैंक खाते से लिंक न होने वाले, तथा 634 अन्य प्रकार की त्रुटियों वाले किसानों के मामले लंबित हैं। कुल 2628 मामलों में त्रुटियां पाई गई हैं, जिनके समाधान के लिए कृषि विभाग ने इन शिविरों का आयोजन किया है। शिविरों में किसानों को उनकी लंबित समस्याओं का समाधान करने और पात्रता सुनिश्चित करने का मौका मिलेगा। इसके तहत 9 से 13 जनवरी के बीच सभी ग्राम पंचायतों में अ-ट्रेसेबल लाभार्थियों की सूची, ई-केवाईसी लंबित सूची, और आधार-बैंक खाता लिंक न होने वाले लाभार्थियों की सूची पंचायत भवनों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित की गई है। शिविर में उपस्थित न होने वाले या अपनी जानकारी न प्रदान करने वाले लाभार्थियों को स्थायी रूप से अपात्र घोषित कर दिया जाएगा। शिविर के दौरान वर्ष 2022-2023 और 2023-2024 के लाभार्थियों की भौतिक जांच भी की जाएगी।

### किसानों को मार्गदर्शन भी मिलेगा

लाभार्थियों को ई-केवाईसी, आधार-बैंक खाता लिंक करने और अन्य प्रक्रियाओं को समझने के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा। कृषि विभाग ने सभी किसानों से अनुरोध किया है कि वे 15, 16 और 17 जनवरी को सुबह शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करें, जिससे उन्हें योजना की आगामी किस्त समय पर मिल सके। अधिक जानकारी के लिए किसान अपने तहसील कृषि अधिकारी, मंडल कृषि अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक या कृषि सहायकों से संपर्क कर सकते हैं। यह कदम सरकार की किसानों को समय पर लाभ पहुंचाने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## कुंभ मेले के लिए 31 निजी बसों ने लिया परमिट



नागपुर.
उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू कुंभ मेला में जहां पूरे देश से लाखों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं, वहीं नागपुर से भी प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में यात्री जा रहे हैं। हालांकि प्रयागराज के लिए कोई भी एसटी महामंडल की बस यात्रियों को नहीं पहुंचा रही है, लेकिन शहर व ग्रामीण में 31 बसों ने परमिट लिया है, जो यात्रियों को प्रयागराज तक पहुंचा रही है। रोजाना नागपुर से ट्रेन व बसों के माध्यम से बड़ी संख्या में यात्री प्रयागराज जा रहे हैं। महाकुंभ मेला देश का सबसे बड़ा मेला है, जो आस्था का प्रतीक है। यहां गंगा, जमुना, सरस्वती के त्रिवेणी संगम में करोड़ों लोग प्रतिदिन डुबकी लगाते हैं। यहां जाने वालों की भीड़ रेलवे व बसों में देखने मिल रही है। नागपुर से भी प्रयागराज जाने वालों की बड़ी संख्या है। इसके लिए रेलवे की ओर से स्पेशल गाड़ियों की व्यवस्था की गई है। इसके बावजूद गाड़ियों की संख्या कम पड़ रही है। ऐसे में यात्री बसों की ओर भी रूख कर रहे हैं। हालांकि एसटी महामंडल की ओर से इस दिशा में जाने वाली बसें नहीं है। इसे देखते हुए बड़ी संख्या में निजी बसों ने प्रयागराज में यात्रियों को पहुंचाने की जिम्मेदारी उठाई है। नागपुर जिले से 31 बसें तैयार हैं, जिन्होंने आरटीओ से स्पेशल परमिट ली हैं। इन बसों के माध्यम से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री प्रयागराज जा रहे हैं। वहां से वह कुंभ मेला पहुंच रहे हैं।

## 12 वर्षों से बंद विश्राम गृह के नवीनीकरण की मांग तेज



कोंढाली.

मुंबई- नागपुर- कोलकाता एशियाई राजमार्ग 46 और राष्ट्रीय राजमार्ग 6/53 पर स्थित कोंढाली का विश्राम गृह पिछले 12 वर्षों से बंद पड़ा है। इस रेस्ट हाउस के नवीनीकरण की मांग को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने हाल ही में नवनिर्वाचित विधायक चरण सिंह ठाकुर से मुलाकात की। उन्होंने विधायक को अवगत कराया कि कोंढाली रेस्ट हाउस का उपयोग विकासात्मक कार्यों, सरकारी-अर्धसरकारी बैठकों और अन्य कार्यों के लिए किया जाना चाहिए। इस संबंध में स्थानीय नागरिकों ने एक ज्ञापन सौंपा था। उनकी मांग पर विधायक ठाकुर ने संज्ञान लेते हुए भाजपा के जिला महामंत्री दिनेश ठाकरे को रेस्ट हाउस का निरीक्षण करने भेजा। विधायक चरण सिंह ठाकुर ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों को इस विश्राम गृह के नवीनीकरण के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

इसके बाद, काटोल उपविभागीय अधिकारी डी. वाई. गभाने ने अपने सहायक निर्माण इंजीनियरों के साथ कोंढाली रेस्ट हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने माप-जोख कर नवीनीकरण से संबंधित निर्माण अहवाल तैयार कर वरिष्ठ कार्यालय को भेजने की प्रक्रिया शुरू की है।

### उम्मीद है कि विश्राम गृह जल्द शुरू होगा

इस निरीक्षण के दौरान भाजपा मंत्री निखिल जयसवाल, रोशन वाघाड़े और गौरव ठवले भी उपस्थित थे। स्थानीय निवासियों को उम्मीद है कि यह विश्राम गृह जल्द ही उपयोग के लिए तैयार होगा और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## बजरंग व्यायाम शाला ने किया कुश्ती का आयोजन



कन्हान.

निकट केरडी ग्राम में हर वर्ष की तरह मकर संक्रांति के पर्व पर जय बजरंग व्यायाम स्कूल द्वारा कार्यक्रम में पहलवानों की कुश्ती का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व मंत्री सुनील केदार की उपस्थिति में सर्वप्रथम छोटे पहलवानों की कुश्ती प्रतियोगिता ली गयी. इस कुस्ती प्रतियोगिता में बाहर गांव से आए बड़े पहलवानों ने भी अपना हिस्सा लिया.

बड़े पहलवानों में विशाल पहलवान नागपुर तथा राजेश पहलवान सिवनी मध्य प्रदेश तथा समीर पहलवान केरडी एवं महेश पहलवान ग्राम कुंभारी के बीच कुश्ती का सामना रोचक रहा. इस कुश्ती प्रतियोगिता में रामटेक क्षेत्र के सांसद श्याम कुमार बर्वे के हस्ते जीते हुए पहलवानों को राशि देकर उन्हें सम्मानित किया गया. इस कुश्ती प्रतियोगिता के रेफरी का काम देव भोयर ने किया. कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों में सेवक गड़े, अजय राऊत, राम हिवसे, गौरव भोयर, पुरुषोत्तम हिवसे, सचिन फलके, प्रकाश ठाकरे, पविण शेलारे, पिट्ठु नितनवरे, पांडुरंग काठोते, राजेन्द्र वानखेडे सहित बड़ी संख्या में नागरिक गण उपस्थित थे. कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन कैलाश खंडार ने व्यक्त किया.

## म्हासला में सीमेंट ब्लॉक सड़क निर्माण का भूमिपूजन



कामठी.

कवठा -म्हासला गट ग्राम पंचायत के तहत म्हासला गांव वार्ड नंबर दो में हाल ही में सीमेंट ब्लॉक सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के स्थानीय निधि अंतर्गत लोक निर्माण विभाग 2515 के तहत विशेष परियोजना योजना से 20 लाख रुपये स्वीकृत किये गये तथा जिला परिषद सदस्य ज्ञानेश्वर कंभाले द्वारा सीमेंट ब्लॉक फुटपाथ सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच नीलेश डफरे ने की तथा प्रमुख अतिथि के रूप में उपसरपंच रवींद्र कुइठे, ग्राम विकास अधिकारी नीलकंठ देवगड़े, ग्राम पंचायत सदस्य शंकर बरबटकर, शाबान सिद्दीकी, संदीप मेंढे, सुनंदा ठाकरे, भाग्यश्री रंगडाले, प्रतिमा पारधी, सोपान शास्त्री, पंजाबराव खाड़े, उद्धव कुइटे, कलावती सोनटक्के, नाना इंगले, चन्द्रशेखर हिरखेड़े सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

## गड़करी को आमधरे ने सौंपा विभिन्न मांगों का ज्ञापन



**कामठी.** मुंबई एवं कामठी के कृषि उत्पन्न बाज़ार समिति के संचालक हुकुमचंद आमधरे के नेतृत्व में विदर्भ, मराठवाड़ा और महाराष्ट्र के किसानों के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी को विभिन्न विषयों से संबंधित मांगे बाबत ज्ञापन सौंपीं. ज्ञापन में नये राजमार्गों के निर्माण हेतु अधिग्रहीत की जा रही भूमि के लिये नया भूमि अधिग्रहण अधिनियम लागू किया जाये. किसान वर्ग के लिए भूमि के संबंध में न्यायालय द्वारा निर्धारित मूल्य सभी किसानों को दिया जाये. परियोजना से प्रभावित किसानों के बच्चों के लिए सरकारी नौकरियों में 2 प्रतिशत आरक्षण लागू करें और उनके अधिकारों को न्याय दिलाने का प्रयास करें. उच्च शिक्षा प्रवेश प्रक्रिया में किसान भाइयों के बच्चों को 2 प्रतिशत आरक्षण दिया जाये. अपने राजमार्गों की भूमि पर व्यवसाय करने वाले किसानों को सरकारी मंजूरी, सब्सिडी और कम ब्याज दरों पर ऋण तुरंत उपलब्ध कराया जाना चाहिए. इस मौके पर सोलापुर जिले के माढ़ा, पंढरपुर किसान नेता अशोक पाटील, राजकुमार पाटील, संजय पाटील, सरपंच संगठना के जयंत पाटील और अन्य पदाधिकारी उनके साथ थे.

## देवलापार जंगल परिक्षेत्र में बाघ का शावक मृत अवस्था में मिला

नागपुर.

प्रादेशिक विभाग अंतर्गत देवलापार में गश्त के दौरान वन विभाग के कर्मचारियों को एक बाघ का शावक मृत अवस्था में दिखाई दिया। जिसकी जानकारी उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को दी। राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण के एसओपी के अनुसार आगे की कार्रवाई की गई। घटना के बाद वन अधिकारी डॉ. भारतसिंह हाडा समेत अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच जायजा लिया। हालांकि शावक के मौत का कारण किसी के भी समझ में नहीं आया है। ऐसे में पोस्टमार्टम के बाद मौत का कारण पता चलेगा।

नागपुर वन विभाग अंतर्गत देवलापार वन परिक्षेत्र अंतर्गत देवलापार के नवेगाव नियतक्षेत्र कंपाटमेंट नंबर 487 आरएफ में दोपहर के वक्त स्थानीय वन कर्मचारी गश्त कर रहे थें। ऐसे में उन्हें झाड़ियों में एक बाघ के शावक का शव दिखाई दिया। शावक के शरीर पर चोट के निशान नहीं थे, ऐसे में इसकी मौत का कारण पता नहीं लग सका। अधिकारियों की उपस्थिति में कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। रिपोर्ट के बाद शावक के मौत का कारण सामने आयेगा। लगातार बाघों के लिए विभिन्न संरक्षण योजनाएं चलाये जाने से महाराष्ट्र में बाघों की संख्या पहले की तुलना में काफी अच्छी है। साथ ही इन दिनों नागपुर के जंगल की बात करें तो इनमें शावकों की संख्या भी बहुत ज्यादा हो रही है। हालांकि जंगलों का दायरा बहुत कम रहने से प्रादेशिक में बाघिन रूख कर रही है। जिसके कारण पहले से यहां अन्य बाघ या बाघिन के साथ उनकी भिड़ंत भी हो रही है। इसमें शावकों की मौत हो रही है। नागपुर के उमरेड करांडला की बात करें तो नागपुर जिले का उमरेड करांडला एक छोटा अभयारण्य है। ढाई सौ स्वेयर किमी में फैले इस जंगल में बाघों की संख्या 10 से ज्यादा है। छोटा जंगल होने से यहां पर आसानी से बाघों की साइडिंग भी हो जाती है। ऐसे में वर्षों से इसकी ओर पर्यटकों का रूझान वैसे ही बढ़ा रहता है। लेकिन इस बार पर्यटक और भी ज्यादा इस जंगल की ओर आकर्षित हो रहे हैं। क्योंकि यहां एफ 2 नामक बाघिन को एकसाथ 5 शावक हुए हैं, जो बाघिन के साथ जंगल भ्रमण करते रहते हैं। बता दें कि करांडला में गत वर्ष 2 शावकों की मौत का मामला भी सामने आया था।



## शिविर के नाम पर पिछले चार दिनों से कामठी राशन कार्यालय में लटका ताला

### काम पूरा कराने भटक रहे नागरिक




कामठी.

कामठी के तहसील कार्यालय के सभी विभागों में प्रशासन की मनमानी शुरू हो गई. इस बीच शिविर के नाम पर पिछले चार दिनों से राशन कार्यालय में ताला लगा हुआ है. राशन कार्ड के कारण आने वाले नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों में इस बात को लेकर आक्रोश है कि सरकारी कार्यालय में कोई स्टाफ न रखकर कैंप के नाम पर विभाग में ताला लगाना कितना उचित है.

सूत्रों से यह भी जानकारी मिल रही है कि राशन विभाग के साथ-साथ शहर की राशन दुकानों में भी गरीबों के अनाज की कालाबाजारी हो रही है. समय पर राशन नहीं मिलने के कारण गरीबों को बार-बार राशन की दुकान पर भटकना पड़ रहा है।

पिछले दो माह से राज्य सरकार के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की महाफूड वेबसाइट बंद है, जिससे राशन कार्ड से संबंधित सभी ऑनलाइन गतिविधियां बंद हो गई हैं. इससे जिले भर के नागरिकों परेशान हैं। इस वेबसाइट के कारण खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग का कामकाज ठप हो गया है। इस विभाग से नाम जोड़ना, नाम कटाना, डुप्लीकेट राशन कार्ड जारी करना, आधार संबंधी कार्य, नया राशन कार्ड, इत्यादि सुविधाएँ उपलब्ध नहीं होने से आम नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग में ये सभी काम बंद होने से सभी तहसीलों में ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले नागरिकों को परेशानी हो रही है। जहां कुछ समय पहले शुरू वेबसाइट अब बंद होने से कई लोगों का काम रुका हुआ है। नागरिक सरकारी कार्यों के लिए तहसील आते हैं। लेकिन सर्वर की समस्या के कारण काम पूरा नहीं होने पर कर्मचारियों को सात या आठ दिन बाद दोबारा आने को कहा जाता है।

आपूर्ति विभाग के कर्मचारियों से पूछने पर बताया जाता है कि वेबसाइट अभी चालू नहीं है। इस समस्या के समाधान के लिए प्रत्येक तहसील के स्थानीय विभाग की ओर से कोई हलचल नजर नहीं आ रही है। शिविर के नाम पर कामठी शहर में राशन कार्यालय पर ताला लगा हुआ पाया गया, ऐसा सवाल नागरिकों के बीच उठ रहा है कि कहीं तहसील में राशन कार्यालय को बंद तो नहीं होने वाला?

## शहर में 'टाइगर रन' हाफ मैराथन का आयोजन

### थानेदारों पर टिकट बेचने का आरोप

**नागपुर.** नागपुर पुलिस विभाग ने 25 जनवरी को 'टाइगर रन' नामक हाफ मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया है। इस प्रतियोगिता में 3 किमी, 5 किमी, 10 किमी और 21 किमी की दौड़ शामिल है। इसमें 7.85 लाख रुपये के पुरस्कार दिए जाएंगे, जिसमें 21 किमी की दौड़ के लिए 4 लाख रुपये और 10 किमी के लिए 2.60 लाख रुपये का इनाम रखा गया है। प्रतियोगिता की शुरुआत शिवाजी स्टेडियम से होगी। हालांकि, इस आयोजन पर विवाद भी खड़ा हो गया है। बताया जा रहा है कि आम नागरिकों की कम भागीदारी के चलते हर थाने के थानेदारों को 300 आवेदन भरने का निर्देश दिया गया है। थानेदारों के टिकट बेचने में व्यस्त होने के कारण शहर में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की चर्चा जोर पकड़ रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 500 से 1,000 रुपये तक का रजिस्ट्रेशन शुल्क तय किया गया है। लेकिन लोगों की कम रुचि को देखते हुए, पुलिस विभाग पर इसे जबरदस्ती सफल बनाने का दबाव है। यह मामला अब शहर में चर्चा का विषय बन गया है। क्या यह मैराथन पुलिस विभाग के लिए एक सकारात्मक पहल साबित होगी या फिर आलोचना का कारण बनेगी, यह देखना दिलचस्प होगा।

## संस्कृत को भारत की राष्ट्रभाषा बनाना लक्ष्य: दिनेश



नागपुर.

कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय और भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आज से शुरू हुए तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य उद्घाटन हुआ। 'संस्कृत भाषा और भारतीय दर्शन' विषय पर आधारित इस सम्मेलन का आयोजन 16 से 18 जनवरी 2025 तक किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि संस्कृत भारती के प्रमुख कार्यकर्ता और विचारक दिनेश कामत थे। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के कुलपति प्रो. मुरली मनोहर पाठक, संस्कृत प्रमोशन फाउंडेशन की निदेशक प्रो. चांदकिरण सलूजा, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. लक्ष्मीनिवास पांडे, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के व्याकरण विभाग प्रमुख प्रो. रामनारायण द्विवेदी और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सम्मेलन के संयोजक डॉ. अनिल कुमार ने स्वागत भाषण दिया। भारतीय धर्म, दर्शन और संस्कृति संकाय की संस्थापक प्रो. कलापिनी अगस्ती ने सम्मेलन की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य भाषा और दर्शन पर विचार-विमर्श करना और सांप्रदायिक एकता को बढ़ावा देना है।

दिनेश कामत ने सरल संस्कृत में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्कृत ज्ञान की भाषा है। यदि इसे बोला नहीं जाएगा तो यह मृत भाषा बन जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि संस्कृत को व्यवहार में लाना ही इसका संरक्षण है। भारत में संस्कृत को हर व्यक्ति के लिए सीखना अनिवार्य होना चाहिए, जैसा अन्य देशों में उनकी भाषाओं के साथ है। श्री कामत ने इसे राष्ट्रीय यज्ञ बताते हुए कहा कि संस्कृत न केवल नैतिकता और उच्चारण कौशल प्रदान करती है, बल्कि जीवन जीने की सकारात्मक दृष्टि भी देती है। कार्यक्रम का संचालन सहायक कुलसचिव श्रद्धा देवपुजारी और प्रो. मोहनलाल शर्मा ने किया। शांतिपाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में विद्वान विभिन्न शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे, जो संस्कृत भाषा और भारतीय दर्शन के क्षेत्र में नए मार्ग प्रशस्त करेंगे।

### संस्कृत और भारतीय दर्शन पर तीन दिवसीय सम्मेलन

कार्यक्रम का संचालन सहायक कुलसचिव श्रद्धा देवपुजारी और प्रो. मोहनलाल शर्मा ने किया। शांतिपाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में विद्वान विभिन्न शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे, जो संस्कृत भाषा और भारतीय दर्शन के क्षेत्र में नए मार्ग प्रशस्त करेंगे।

## श्री साईंनाथ भजन मंडल का श्री शहालंगडी देवस्थान में भजन कार्यक्रम



**हिंगनघाट.** शहर के प्रसिद्ध शहालंगडी देवस्थान पर श्री. साईंनाथ भजन मंडल द्वारा भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर श्री. साईनाथ भजन मंडल ने संत तुकाराम महाराज और अन्य महान संतों पर भक्ति गीत और भजन प्रस्तुत किये। सामाजिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय संत तुकडोजी महाराज, संत नामदेव, संत तुकाराम महाराज द्वारा ग्राम स्वच्छता अभियान, नशामुक्ति, परिवार नियोजन, अंधविश्वास उन्मूलन, तंतुमुक्ति कार्यक्रम सदैव गांवों एवं शहरों में आयोजित किये जाते हैं। इस समय श्री. साईनाथ भजन मंडल के अध्यक्ष नामदेव वांदिले, उपाध्यक्ष श्याम बोरकर, ओमप्रकाश वांदिले, भोजराज शेंडे, संजय बकाणे, अरुण तेलहांडे, गणेश तेलहांडे, विलास सावकार, यशवंत चंदनखेड़े, अविनाश तराले, अशोक ढोकपांडे, पुरूषोत्तम राणे और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# महिलाओं एवं बालिकाओं को अपना आत्मविश्वास बढ़ाने की जरूरत: मोहन

**वर्धा.**

महिलाओं को आज भी समाज में एक कमजोर तत्व माना जाता है और उनके खिलाफ हम हर समय अन्याय और अत्याचार देखते हैं। अक्सर कई महिलाओं, लड़कियों को ऐसी प्रवृत्ति वाले लोगों से अपमानित होना पड़ता है। परिणामस्वरूप उनका आत्मविश्वास कमजोर हो जाता है और वे निराश हो जाते हैं।

मोहनबाबू अग्रवाल ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं को स्वस्थ, सस्ता एवं स्वाभिमानपूर्ण जीवन जीने के लिए वुशू जैसे कलात्मक खेल को अपनाकर अपना आत्मविश्वास बढ़ाना होगा। वे सेवाग्राम के चरखा ऑडिटोरियम में नेशनल ओपन कराटे चैंपियनशिप



2025 के उद्घाटन के अवसर पर कल्याणी मंगेश भोंगाडे को सम्मानित करते हुए बोल रहे थे। ऑल महाराष्ट्र वुशू एसोसिएशन द्वारा आयोजित 22वीं राज्य स्तरीय सीनियर महिला और पुरुष वुशु चैंपियनशिप 2025 हाल ही में जिला नांदेड़ में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

इसमें वर्धा की खिलाड़ी कल्याणी मंगेश भोंगाडे को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन कर जिले का नाम ऊंचा करने पर नेशनल ओपन कराटे चैंपियनशिप के उद्घाटन अवसर पर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर सेवाग्राम पैथोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. अनुपमा गुप्ता, स्पोर्ट कराटे एसोसिएशन वर्धा के संरक्षक इमरान राही, सावंगी ऑर्थोपेडिक्स विभाग के डॉ. संदीप श्रीवास्तव, डॉ.दिलीप गुप्ता, नितिन नगराले, कविता भगत, शिहान शेख दत्तू, शिहान कृष्णा ढोबले, सेंसाई पराग पाटिल आदि उपस्थित थे.

कल्याणी भोंगाड़े का सतीश इखार, संतोष सेलुकर, मोहन मोहिते, हरीश पाटिल, विजय सत्याम, खेमराज ढोबले, हेमलताताई कालबांडे, सचिन झाडे, निखिल सातपुते, प्रवीण पेठे, सुनील चंदनखेड़े, उमेश चौधरी, गंगाधरजी पाटिल, भगवानदास आहूजा, प्रकाश खंडार, श्याम पटवा, संदीप वर्कट, सेंसाई सुशांत जीवतोड़े समेत कई लोगों ने अभिनंदन किया. कल्याणी भोंगाड़े ने अपनी सफलता का श्रेय वर्धा जिला वुशू एसोसिएशन के अध्यक्ष और कोच नीलेश राउत और संरक्षक शिहान मंगेश भोंगाड़े को दिया।

## गुरुकुल विद्यानिकेतन हाईस्कूल ने किया से शंतनु राऊत को सम्मानित एवं पुरस्कृत



**देवली.**

स्थानीय गुरुकुल विद्यानिकेतन हाईस्कूल देवली द्वारा शंतनु अशोकराव राऊत का सत्कार किया गया.इसी प्रकार वरिष्ठ नागरिक सुभाष मोहता ने भी इस अवसर पर शंतनु राऊत का सत्कार किया। इस अवसर पर प्राचार्य योगेश ढोर, उद्यमी एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष मोहता, सेवा सहकारी समिति देवली के अध्यक्ष शरदराव आदमने, एकनाथ कांबले, प्रा.दामोदर लांबट प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

शंतनु राउत के पिता एक इंजीनियर हैं और मां सुनीता एक गृहिणी हैं। इटली के बोलोनिया विश्वविद्यालय के माध्यम से दुनिया भर के युवा शोध छात्रों को प्रतिवर्ष फ़ेलोशिप प्रदान की जाती है। शंतनु इस फेलोशिप के लिए चुने जाने वाले भारत के एकमात्र शोधकर्ता बन गए हैं। इस अवसर पर प्रिंसिपल योगेश ढोरे और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पिछले वर्ष तालुका से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले स्पंदन संजय अलोने, द्वितीय दिव्यानी विजय दयने, सौंदर्या दिलीप फुलमाली, चौथी नंदिनी प्रशांत दरने और लीना यशवंत आंबटकर का सम्मान किया गया.साथ ही राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आतिश रत्नाकर तुरक और राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले फुटबॉलर साहिल संदीप निरटकर को मेडल देकर सम्मानित किया गया. इसके अलावा टीम खेलों में, संभागीय स्तर पर खेलने वाले छात्रों में दिव्यक दयने, यथार्थ कडु, तेजस सावरकर, पयोज देवघरे, हार्दिक कामडी, अरहंत लांडगे, ओम जऊळकर, मानस जूडे, ऋग्वेद निवल, शिवम दुर्गे, आयुष कुमरे, तुषार कामडी, नमन खोडनकर, प्रथमेश सरदार, यश खडसे, राजवीर लोखंडे, संस्कार वानखेड़े, सार्थक तिरकुल और सौरभ विश्वकर्मा को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कल्पना गावंडे ने तथा धन्यवाद ज्ञापन रोशना भांगे ने किया। कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने सहयोग किया।

# समयसीमा बढ़ने पर सोयाबीन की कीमत पर दबाव जारी

### प्रति क्विंटल औसत कीमत 4100 रुपये

**अमरावती.**

केंद्र सरकार ने सोयाबीन के लिए सरकारी खरीद की समय सीमा बढ़ा दी है, लेकिन इसका लाभ केवल पंजीकृत किसानों को ही मिलेगा। बाकी किसानों के पास निजी बाज़ार में गिरती कीमतों पर बेचने की नौबत गई है। वहीं, समय सिमा बढ़ने के बाद भी बाज़ार में कीमतें नहीं बढ़ी हैं। बुधवार को स्थानीय बाजार समिति में औसतन 4100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से सोयाबीन की खरीदी हुई। राज्य में अनाज की कमी के कारण रुकी हुई सोयाबीन की खरीद की समय सीमा 12 जनवरी को समाप्त होने के



बाद केंद्र सरकार ने एक बार फिर खरीद की समय सीमा 31 जनवरी तक बढ़ा दी।

फिर भी स्थानीय बाजार में सोयाबीन की कीमत में गिरावट जारी है। अमरावती कृषि उपज बाजार समिति में बुधवार को 7 हजार 77 क्विंटल सोयाबीन की आवक हुई। न्यूनतम 4 हजार और अधिकतम 4 हजार 213 रुपये यानी औसत दर 4 हजार 106 रुपये प्रति क्विंटल रही। बीते 11 जनवरी को 7 हजार 539 क्विंटल की आवक हुई, न्यूनतम दर 3 हजार 950, अधिकतम 4 हजार 212 यानि औसत 4 हजार 81 रुपए प्रति क्विंटल का भाव मिला था। इसका मतलब पिछले तीन-चार दिनों में सोयाबीन की कीमत में सिर्फ 10 रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

### खरीद मूल्य 4000 से कम

विदर्भ की अन्य बाजार समितियों में भी यही स्थिति है और कई जगहों पर सोयाबीन का औसत खरीद मूल्य 4000 से कम है। हालांकि इस सीजन में सोयाबीन का उत्पादन अच्छा हुआ है, लेकिन किसान इस बात पर जोर दे रहे हैं कि उन्हें गारंटीशुदा कीमत पर खरीदारी करनी चाहिए क्योंकि खुले बाजार में 350 से 4000 रुपये का भाव मिल रहा है। वहीं, 'नाफेड' द्वारा 12 प्रतिशत नमी की शर्त लगाए जाने से अब तक पंजीकृत सात लाख 49 हजार किसानों में से केवल दो लाख 5 हजार 539 किसानों से ही सोयाबीन खरीदी गई है।

## अवैध रेत ढुलाई पर पुलिस की कार्रवाई



**हिंगनघाट.** उपविभागीय पुलिस अधिकारी पथक ने पोथरा नदी के जंगली घाट से काली रेत की अवैध ढुलाई पर कार्रवाई करते हुए करीब 7.57 लाख रुपये का माल जब्त किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, उपविभागीय पुलिस अधिकारी पथक को सूचना मिली थी कि पोथरा नदी के पात्र से जंगली घाट से काली रेत लेकर मौजा लाडकी गांव की ओर अवैध रूप से ढुलाई की जा रही है। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने एक ट्रैक्टर को रोककर जांच की। जांच में पाया गया कि एक ब्रास काली रेत बिना रॉयल्टी के अवैध रूप से ढोई जा रही थी। मौके पर पंचनामा कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ट्रैक्टर, ट्रॉली और एक ब्रास काली रेत समेत कुल 7.57 लाख रुपये मूल्य का माल जब्त कर लिया। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक सागर कवड़े के मार्गदर्शन में और उपविभागीय पुलिस अधिकारी हिंगणघाट रोशन पंडित के निर्देशानुसार की गई। इसमें उपविभागीय पुलिस अधिकारी पथक के नरेंद्र डहाके, अश्विन सुखदेवे, आकाश कांबले और राकेश इतवारे ने अहम भूमिका निभाई।

## रेत चोरी करने वाले पुलिस की गिरफ्त में



**वर्धा.** नदी तट से रेत की अवैध चोरी करनेवाले आरोपीयों को पुलिस ने हिरासत में लिया है. जॉन डीयर कंपनी के ट्रैक्टर के चालक-मालिक आकाश दामोदर झोटिंग निवासी कानगांव, साथ ही जॉन ट्रैक्टर के अज्ञात चालक और मालिक का नाम अनूप सालवे नि. अलमडोह और बिना नंबर के सोनालिका ट्रैक्टर के अज्ञात चालक और मालिक अमोल वासेकर, कापसी का ट्रैक्टर वर्धा के नदी तल में रेत चोरी करते हुए पाया गया और पूछताछ में 25,55,000 हजार रुपये जब्त किए गए और पंच के समक्ष हिरासत में लिया गया उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ गुनाह दर्ज करके जांच की जा रही है.

## कोंघारा में अवैध गोवंश तस्करी पर कार्रवाई

**यवतमाल.** पांढरकवड़ा पुलिस ने अवैध गोतस्करी पर कार्रवाई करते हुए पांच ट्रकों और कंटेनर से 47 गोवंशों को मुक्त करा कर डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक का माल जब्त किया. पांढरकवड़ा पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर तिरंगा ढाबा के सामने यह कार्रवाई की. सुबह केलगभग 4 बजे पुलिस टीम गश्त पर थी. इसी बीच उन्हें गोपनीय सूचना मिली कि राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर तिरंगा ढाबा के सामने से कोनघारा की ओर ट्रक व कंटेनर से गोमांस की तस्करी की जा रही है. इसके बाद पुलिस ने नाकाबंदी कर 5 आयशर ट्रक और एक कंटेनर को पकड़ा. वाहनों से कुल 47 गोवंशीय पशुओं जीवनदान दिया. इन गोवंशों को काटने के लिए सतापुर, तेलंगाना ले जाया जा रहा था. इस कार्रवाई में पुलिस ने पांच ट्रक और 1 कंटेनर, 9 मोबाईल फोन और 47 गोवंशों सहित कुल कीमत एक करोड़ 61 हजार 500 रुपए का माल जब्त किया है.

## 'ईंधन बचत मासिक कार्यक्रम' का शुभारंभ

**हिंगनघाट.**

राज्य परिवहन आगार में "ईंधन बचत मासिक कार्यक्रम - 2025" (अवधि 16 जनवरी से 15 फरवरी 2025) का उद्घाटन किया गया। यह शुभारंभ शासकीय तकनीकी विद्यालय के अधिव्याख्याता हेमंत जीवतोडे के हाथों संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता गौतम शेंडे, आगार प्रबंधक ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में देवानंद पुन्नमवार, पालक अधिकारी एवं विभागीय कर्मवर्ग अधिकारी वर्धा, तथा मनोहर वाणे, परिवहन निरीक्षक, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन और अभियान के फलक का फीता काटकर किया गया।

इसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता हेमंत जीवतोडे ने अपने संबोधन में कहा कि वाहन की दैनिक और साप्ताहिक देखभाल सही तरीके से की जाए, एयर फिल्टर साफ किया जाए, इंजन की टॉपेट जांची जाए, और ऑइल व डीजल लीकेज बंद किया



जाए। यदि यांत्रिक इन कार्यों को समय पर करें तो ईंधन की बचत संभव है।

मुख्य अतिथि देवानंद पुन्नमवार ने यांत्रिकों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने कार्य में लापरवाही न करें और समय पर वाहन संचालन के लिए उपलब्ध कराएं। इससे विभाग का राजस्व बढ़ेगा और खर्चों में कटौती होगी। उन्होंने ईंधन बचत का महत्व समझाते हुए कहा कि इससे परिवहन विभाग को लाभ होगा। कार्यक्रम में सहायक कारागीर हितेंद्र हेमके ने प्रास्ताविक भाषण देते हुए कहा कि यदि प्रत्येक वाहन चालक प्रतिदिन 1 लीटर डीजल की बचत करें, तो आगार प्रतिदिन 55 लीटर डीजल और माह में 1650 लीटर डीजल की बचत कर सकता है। इससे करीब 1.50 लाख रुपये की बचत होगी। उन्होंने ईंधन बचत के साथ-साथ सड़क सुरक्षा पर भी जोर दिया।

अध्यक्षीय भाषण में गौतम शेंडे ने बताया कि दिसंबर 2024 में आगार ने लगभग 5.70 लाख रुपये की डीजल बचत की, जिससे वर्धा विभाग में आगार को पहला स्थान मिला। दूसरे स्थान पर आर्वी आगार रहा। वर्धा विभाग ने कुल 6.66 लाख रुपये का लाभ अर्जित किया। उन्होंने कहा कि ईंधन, बिजली और गैस की बचत कर हम देशहित और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन सैय्यद आसिफ, परिवहन नियंत्रक ने किया। आभार प्रदर्शन मयूर काठोले ने किया। कार्यक्रम में आगार के अधिकारी, पर्यवेक्षक, प्रशासकीय कर्मचारी, चालक-वाहक और यांत्रिक कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## 'जनसंघर्ष निधि' घोटाले का मास्टरमाइंड 'प्रणित' गिरफ्तार

**यवतमाल.**

पुलिस ने दिग्रस के बहुप्रचारित जनसंघर्ष अर्बन फंड से 44 करोड़ के गबन के मामले के मास्टरमाइंड प्रणीत मोरे को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस उसे पुणे के लोनावला के एक रिसॉर्ट से गिरफ्तार किया। 6200 परिवारों से 44 करोड़ रुपये की ठगी का मामला उजागर होने के बाद पुलिस ने शुरुआत में तीन निदेशकों को गिरफ्तार किया था. लेकिन इस गबन का असली मास्टरमाइंड प्रणीत मोरे अपने परिवार समेत पुणे जिले फरार हो गया था. वह लोनावला के एक रिसॉर्ट में करीब 40 दिनों तक रुका था. पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर दिग्रस ला लिया है. कलेक्टर डॉ. पंकज आशिया, पुलिस अधीक्षक कुमार चिंता ने इस मामले को गंभीरता से लिया और आरोपियों की तलाश के लिए तीन टीमें रवाना कीं.

आरोपियों की प्रदेश ही नहीं बल्कि अंतरराज्यीय स्तर पर भी तलाश की जा रही थी. हालांकि, किसी को नहीं पता था कि प्रणीत मोरे अपने परिवार के साथ 40 दिनों से लोनावला के एक आलीशान रिजॉर्ट




में हैं। दिग्रस से टीम पुणे की ओर रवाना हो गई. उस जगह पर रिसॉर्ट पर छापा मारा गया और प्रणीत मोरे, देवानंद मोरे, प्रीतम मोरे और जयश्री मोरे नाम के चार लोगों को हिरासत में लिया गया.

पुलिस ने अब अपनी जांच प्रणीत की संपत्तियों और लेनदेन पर केंद्रित कर दी है. चारों आरोपियों को दारव्हा कोर्ट में पेश किया गया. प्रणीत मोरे और प्रीतम मोरे को दस दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है. जयश्री मोरे को एमसीआर रेफर किया गया, जबकि देवानंद मोरे को स्वास्थ्य कारणों से अस्पताल रेफर किया गया है. पुलिस हिरासत खत्म होने के बाद एक आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. पुलिस के सामने प्रणीत और प्रीतम मोरे से अगले दस दिनों में वारदात को सुलझाने की चुनौती होगी.

## ऑनलाइन धोखाधड़ी के आरोप में 12 गिरफ्तार

**अमरावती.** मुंबई की वर्ली पुलिस ने बुधवार को दरियापुर के एक घर से ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले 12 लोगों को गिरफ्तार किया, जिससे पूरे शहर में हड़कंप मच गया है. तीनों आरोपी पिछले तीन महीने से दरियापुर के साईंनगर इलाके में बंडू पवार के घर में किराए से रह रहे थे. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक लैपटॉप, मोबाइल, सिम कार्ड, कार, दो बाइक जब्त की है। पुलिस सभी आरोपियों को ट्रायल रिमांड पर मुंबई ले जाएगी। दो महीने पहले मुंबई के वर्ली पुलिस स्टेशन में ऑनलाइन धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज किए गए थे। इनमें से ज्यादातर आरोपी ऐसे थे जो लैपटॉप और मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर रहे थे। मुंबई



साइबर पुलिस को उनके आईपी एड्रेस की लोकेशन अमरावती जिले के दरियापुर के साईं नगर इलाके के एक टावर पर मिली। पिछले कई दिनों से लोकेशन वहीं थी। इसके चलते वर्ली पुलिस की एक टीम 15 जनवरी को दरियापुर में पहुंची। मुंबई पुलिस ने दरियापुर पुलिस की मदद से सदानंद कॉलोनी में बंडू पवार के घर की पहली मंजिल के कमरों में रहने वाले 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया और दरियापुर पुलिस स्टेशन में उनसे गहन पूछताछ की। इसके बाद मुंबई पुलिस ने दरियापुर कोर्ट से आरोपियों की ट्रांजिट रिमांड हासिल कर मुंबई ले जाने की प्रक्रिया शुरू की।

## घर से नकदी और 1 लाख 3 हजार का सामान चोरी



**हिंगनघाट.**

संत तुकडोजी वार्ड स्थित संबोधी नगर में एक ताला बंद घर में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर 1 लाख 3 हजार रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, विशाल थुल अपने परिवार के साथ घर को ताला लगाकर टाकल घाट गए हुए थे। 14 जनवरी को जब वे वापस लौटे, तो उन्होंने घर का ताला टूटा हुआ पाया। घर के अंदर की अलमारियों का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि चोरों ने अलमारी में रखे 40 हजार रुपये नकद और 63 हजार रुपये मूल्य के सोने के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना की शिकायत हिंगनघाट पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# हिंगनघाट कृषि उपज मंडी में हुआ कोल्ड स्टोरेज का भूमिपूजन

### 15 करोड़ रुपये की लागत से होगा कोल्ड स्टोरेज का निर्माण

**हिंगनघाट.**

हिंगनघाट बाजार समिति द्वारा 15 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक कोल्ड स्टोरेज सुविधा का निर्माण किया जा रहा है। यह कृषि उपज मंडी समिति कोल्ड स्टोरेज सुविधा उपलब्ध कराने वाली जिले की पहली मंडी होगी। 16 जनवरी को





इस परियोजना का भूमिपूजन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर बाजार समिति के अध्यक्ष एडवोकेट सुधीर कोठारी ने कहा कि इस कोल्ड स्टोरेज के माध्यम से किसानों को नई दिशा मिलेगी। अब किसान अपनी फसल को लंबे समय तक सुरक्षित रख सकेंगे। विशेषकर फूल, फल, सब्जियां, औषधीय एवं सुगंधित पौधों जैसी फसलों के भंडारण में यह सुविधा अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। किसानों को 50% सब्सिडी दी जाएगी, जिससे वे वैकल्पिक फसलों की ओर रुख कर सकें। बाजार समिति के नांदगांव (बोरगांव) परिसर में 5280 मेगाटन क्षमता वाले इस कोल्ड स्टोरेज का निर्माण होगा। यह पहल क्षेत्र के किसानों के लिए क्रांतिकारी साबित होगी और उन्हें बाजार के बदलते रुझानों के अनुसार फसल उत्पादन की प्रेरणा मिलेगी। भूमिपूजन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक समीर कुणावार उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुरेश देशमुख, पूर्व विधायक प्रा. राजू तिमांडे, जिला उपनिबंधक सीमा पांडे, जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी शंकर तोतावार, बाजार समिति के संचालक, किसान एवं अन्य गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस परियोजना से न केवल किसानों को आर्थिक मजबूती मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में कृषि का विकास भी तेजी से होगा।

# 245 पद के लिए 39 हजार 899 आवेदन

## > मनपा की भर्ती प्रक्रिया में खासी भीड़

**नागपुर.**

महानगरपालिका के नए आकृतिबंध में पदभर्ती प्रक्रिया को आरंभ किया गया है। मनपा प्रशासन से 245 पद के लिए भर्ती के लि आवेदन प्रक्रिया बुधवार 15 जनवरी को समाप्त हुई है। इस प्रक्रिया में अब तक करीब 39 हजार 899 से अधिक आवेदकों ने हिस्सेदारी ली है। इन आवेदनों से बुधवार की देर रात तक करीब 3 करोड़ 59 लाख 94 हजार 806 रुपए का आवेदन शुल्क मनपा को मिला है। लंबे समय बाद मनपा की पद भर्ती प्रक्रिया को देखते हुए नागरिकों में उत्साह बना हुआ है। मनपा के सामान्य प्रशासन विभाग से 245 पद के लिए भर्ती प्रक्रिया आरंभ की गई है। इस प्रक्रिया में कनिष्ठ अभियंता (सिविल) के 36 पद, कनिष्ठ अभियंता (विद्युत)



3 पद, नर्सेस (जीएनएम) के 52, वृक्ष अधिकारी 4 और स्थापत्य अभियांत्रिकी सहायक के 150 पद समेत 245 पदों का समावेश है। पदभर्ती प्रक्रिया की जिम्मेदारी टाटा कंन्स्लटेंसी को दी गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जनवरी रखी गई थी, बुधवार को अंतिम दिन तक 39 हजार 899 आवेदकों ने फार्म को भरा है। इन आवेदकों के आवेदन की जांच और परीक्षा समेत पूरी जिम्मेदारी टाटा कंन्स्टेंसी कंपनी को दी गई है। इस एजेंसी से अब आगे की प्रक्रिया को पूरा किया जाएंगा।

मनपा में आंतरिक पदोन्नति के माध्यम से रिक्त पदों पर भर्ती करने की दिशा में प्रयास हो रहा है। हाल ही में अनुकंपा आधार पर नियुक्ति में भी बदलाव किया गया है।

अब अनुकंपा नियुक्ति में अब प्रत्याशी को चतुर्थ श्रेणी की बजाय योग्यता और शिक्षा के आधार पर तृतीय श्रेणी में शामिल किया जा रहा है। मनपा प्रशासन से शहर में बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में 850 पद भर्ती के लिए राज्य सरकार से मान्यता मिली है। इस आधार पर चरणबद्ध रूप में भर्ती प्रक्रिया आरंभ की गई, लेकिन फायर कर्मचारियों की भर्ती में लंबाई और वजन की शर्त में शिथिलता को लेकर पेंच खड़ा हो गया था, ऐसे में अब मनपा प्रशासन ने मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस से चर्चा कर निराकरण करने का प्रयास आरंभ कर दिया है। हालांकि दो नए समेत सभी फायर स्टेशनों में पर्याप्त संसाधन और उपकरणों को देने का प्रयास हो रहा है।

### सालों बाद रोजगार का अवसर

करीब दो साल पहले राज्य सरकार ने नए आकृतिबंध को मान्यता दी गई है। मनपा प्रशासन ने दो साल पहले राज्य सरकार को 13183 पुराने और 7503 नए पद समेत करीब 20686 पद के लिए आकृतिबंध भेजा था। इसमें से 2705 पद को नियमबाह्य मानकर 17981 पद मंजूरी दी गई। इन पदों में 4690 नए पद के साथ कुल 8560 सफाई कर्मचारी और 872 अग्निशमन दल के कर्मचारियों का भी समावेश है। इससे पहले पिछले माह 73 अभियंताओं को श्रेणीबद्ध पदोन्नति भी दी गई है।



# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही समीक्षा बैठक संपन्न

**नागपुर.**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), नागपुर (कार्यालय-2) की छमाही समीक्षा बैठक वेकोलि मुख्यालय के सांस्कृतिक भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जे. पी. द्विवेदी, अध्यक्ष, नराकास (का.-2) एवं सीएमडी, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने की। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुस्मिता भट्टाचार्य, संयुक्त निदेशक (कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग - गृह मंत्रालय, वेकोलि के निदेशक (तकनीकी) ए. के. सिंह तथा प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-II अक्षय मोहन खंडारे उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए नराकास (का.-2) के अध्यक्ष एवं सीएमडी डब्ल्यूसीएल जे. पी. द्विवेदी ने कहा कि हिंदी देश की अखंडता में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार को आवश्यक बताते हुए सभी सदस्य कार्यालयों को अधिक से अधिक कार्य राजभाषा हिंदी में करने और गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के दिशानिर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने इस दिशा में सभी के सहभाग और सूचना प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग पर जोर दिया। डॉ. सुस्मिता भट्टाचार्य, संयुक्त निदेशक (कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग - गृह मंत्रालय ने नराकास के सदस्य कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग की समीक्षा की। अपने संबोधन में उन्होंने सभी कार्यालयों में प्रचार, प्रसार, प्रेरणा और प्रोत्साहन के जरिए हिंदी भाषा को बढ़ावा देने की बात की। बैठक में प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-II अक्षय मोहन खंडारे तथा वेकोलि के निदेशक (तकनीकी) ए. के. सिंह ने भी अपने विचार रखे। वेकोलि के राजभाषा प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) आर. के. सिंह ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने संबोधन में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए नराकास द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई और आम सहमति बनी। इस अवसर पर सदस्य कार्यालयों के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार साझा किए। इस दौरान नराकास (का.-2) के सदस्य कार्यालयों/विभागों के प्रमुखों सहित सदस्य कार्यालयों के राजभाषा अधिकारी और अनुवाद अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वेकोलि के प्रबंधक (जनसंपर्क) मिलिंद चहांदे ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन वीएनआयटी के ओएसडी (हिंदी) एस. पी. सिंह ने किया।

# तिरपुड़े कॉलेज में स्नेहमिलन का आयोजन

**नागपुर.**

तिरपुडे कॉलेज ऑफ सोशल वर्क, नागपुर में स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वनिता तिरपुडे, कार्यकारी अध्यक्ष, युगांधर एजुकेशन सोसाइटी, श्री वेणुगोपाल नायर, विभागाध्यक्ष, एडोकेट योगिता चौधरी, डॉ सुरेश दीक्षाभूमिकर, महाप्रबंधक (खनन), वेकोलि प्रमुखता से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ वैशाली



वाघमारे ने किया। तिरपुडे ने गुणवंत विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए भविष्य में करियर संबंधी मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

# 43 वर्षीय गुमशुदा की पुलिस कर रही तलाश



**नागपुर.** कपिल नगर थाना क्षेत्र से एक 43 वर्षीय व्यक्ति, हरमीत सिंह अवतार सिंह चाना, 14 जनवरी को घर से बिना किसी को बताए गायब हो गए हैं। उनके परिवार ने गुमशुदगी की रिपोर्ट कपिल नगर पुलिस थाने में दर्ज कराई है। घटना के अनुसार, हरमीत सिंह शेंडेनगर स्थित अपने घर से 14 जनवरी की रात 9:45 बजे बिना किसी सूचना के निकल गए थे। वे मानसिक रूप से मतिमंद बताए गए हैं. हरमितसिंह की ऊँचाई 5 फुट 1 इंच है, उनका रंग सावला है और चेहरा गोल है। उन्होंने नेवी ब्लू जैकेट और क्रीम कलर का फेटा पहना हुआ था, साथ ही काले रंग का पायजामा भी पहने हुए थे। उनके दाहिने हाथ पर ऑपरेशन के निशान मौजूद हैं। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले, तो वे तुरंत कपिल नगर पुलिस थाने में सूचना दे.

# हिंडनबर्ग बंद होने का मतलब क्लीन चिट नहीं

**नई दिल्ली.**

भारत के दिग्गज कारोबारी गौतम अदाणी के व्यवसाय समूह और शेयर बाजार नियामक संस्था सेबी के खिलाफ अपनी रिपोर्ट से हलचल मचाने वाली 'हिंडनबर्ग रिसर्च' कंपनी को बंद कर दिया गया है। कंपनी के संस्थापक नाथन एंडरसन ने एक दिन पहले इसकी घोषणा की। जिसके बाद से राजनीतिक गलियारों में बयानबाजी तेज हो गई गई है। भाजपा ने जहां हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत के खिलाफ 'सुपारी' करार दिया, वहीं, कांग्रेस ने भी इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कंपनी के बंद होने का यह मतलब नहीं है कि पूर्व में आई हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों पर अदाणी




समूह को क्लीनचिट मिल गई। उन्होंने कहा कि वे अभी भी जेपीसी की मांग पर अड़े हुए हैं। उन्होंने अपने बयान में कहा कि जनवरी 2023 की हिंडनबर्ग रिपोर्ट में बेहद गंभीर आरोप लगाए गए थे। इनका असर यह था कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय को अदाणी समूह के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। जयराम रमेश ने यह आरोप भी लगाया कि अदाणी समूह का मुख्य संरक्षक कोई और नहीं बल्कि भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री हैं।

रमेश ने आरोप लगाया कि मामला बहुत गहरा है। इसमें राष्ट्रीय हित की कीमत पर पीएम के करीबी दोस्तों को अमीर बनाने के लिए भारतीय विदेश नीति का दुरुपयोग करना भी शामिल है। इसमें भारतीय व्यापारियों को महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की संपत्तियों को बेचने के लिए मजबूर करने और अदाणी को हवाई अड्डों, बंदरगाहों, रक्षा और सीमेंट के क्षेत्र में एकाधिकार बनाने में मदद करने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करना भी शामिल है।

जयराम रमेश ने इस दौरान उन्होंने सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अदाणी समूह को जिन संस्थाओं का दुरुपयोग करके अदाणी समूह को फायदा दिया गया उसमें सेबी जैसे संस्थान भी शामिल हैं, जिसकी 'बदनाम' चेयरपर्सन हितों के टकराव और अदाणी के साथ वित्तीय संबंधों के 'स्पष्ट सबूत' के बावजूद अपने पद पर बनी हुई है।

रमेश ने कहा कि यह भी देखना चाहिए कि सेबी की जांच, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने अपनी रिपोर्ट पेश करने के लिए दो महीने का समय दिया था, को लगभग दो साल तक खिंच दिया गया है। ऐसे में यहां भले ही अदाणी और मोदी ने भारत के संस्थानों पर कब्जा कर लिया हो, लेकिन देश के बाहर उजागर हुई आपराधिकता को इस तरह से कवर नहीं किया जा सकता है। अमेरिकी न्याय विभाग ने अदाणी पर आकर्षक सौर ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप लगाया है।

रमेश ने कहा कि जैसे ही आपराधिकता के सबूत सामने आए, कई देशों ने अपनी अदाणी परियोजनाओं को रद्द कर दिया है।

### भाजपा ने दी यह प्रतिक्रिया

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि अमेरिका की शॉर्ट सेलर यानी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट एक संगठित, प्रायोजित और आर्थिक आतंकवाद का हिस्सा थी। उन्होंने इसे भारत की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने का प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत के खिलाफ सुपारी थी। यह एक आर्थिक अराजकता और आतंकवाद का प्रायोजित और साजिश पूर्ण कृत्य था। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साध कहा, 'राहुल गांधी आपके अंतरराष्ट्रीय सहयोगी हिंडनबर्ग ने अपनी दुकान बंद कर दी, अब आप कब देश के खिलाफ अपना प्रचार-प्रसार बंद करेंगे? आपका हिंडनबर्ग से क्या संबंध है? क्या यह जॉर्ज सोरोस द्वारा प्रायोजित रिपोर्ट थी? आज कांग्रेस को स्पष्टीकरण देना चाहिए और माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस और उसका इकोसिस्टम राष्ट्र विरोधी है।'

### कांग्रेस का अडानी पर हमला

# नायलॉन मांजा के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

**नागपुर.**

अंबाझरी पुलिस द्वारा की गई रेड कारवाई में नायलॉन मांजा रखने वाले और नायलॉन मांजा से पतंग उड़ाने वाले 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से प्रतिबंधित नायलॉन मांजा बरामद किया गया। इन आरोपियों के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

हुडकेश्वर पुलिस थाना क्षेत्र के रघुजी नगर और छोटा ताजबाग इलाके में हुई इस कार्रवाई के दौरान, पुलिस ने 20 वर्षीय श्रेयस प्रदीप चावरे, 21 वर्षीय संकेत किशोर वरंभे और 20 वर्षीय दिवेश रवि कारलेकर को नायलॉन मांजा के साथ पकड़ा। इनसे



कुल 10 बंडल नायलॉन मांजा जब्त किया गया, जिसकी कीमत 8,000 रुपये बताई जा रही है। बेलतरोडी पुलिस ने भी चिंच भवन चौक में इसी दिन एक और रेड कर 19 वर्षीय रितेश विनोद उके को गिरफ्तार किया। रितेश के कब्जे से 1 बंडल नायलॉन मांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत 7,500 रुपये है। अंबाझरी पुलिस ने संजय नगर परिसर में राजकुमार मोहन निषाद राज (42) और सुनील साहू (24) को 12 चकरी नायलॉन मांझे के साथ गिरफ्तार किया।

# नीट-यूजी का एंट्रेंस एग्जाम पेन और पेपर मोड में ही होगा: एनटीए

**नई दिल्ली.**

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की तरफ से नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट को एक ही दिन और एक ही शिफ्ट में आयोजित करने का निर्णय लिया गया. इस बार एग्जाम आयोजन पेन-एंड-पेपर मोड में होगा.

शिक्षा और स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल ही में घोषणा की थी कि 2025 की मेडिकल प्रवेश परीक्षा पेन-एंड-पेपर मोड में होगी या कंप्यूटर-आधारित टेस्ट, इस पर चर्चा जारी है. शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बताया, हम स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ मिलकर परीक्षा के प्रारूप पर विचार कर रहे हैं. अब तक दो दौर की चर्चा हो चुकी है. नीट के लिए जो भी बेहतर विकल्प होगा, उसे लागू किया जाएगा. नीट यूजी रहेगा इन कोर्सेस के लिए भी अनिवार्य नीट यूजी के माध्यम से बीएएमएस, बीयूएमएस, बीएसएमएस और बीएचएमएस जैसे कोर्सेस में भी प्रवेश लिया जाएगा. यह दिशा-निर्देश भारतीय चिकित्सा पद्धति और होम्योपैथी के पाठ्यक्रमों पर भी लागू होगा. नीट यूजी 2025 के लिए




पंजीकरण प्रक्रिया की तारीखों की घोषणा फिलहाल नहीं हुई है. परीक्षा का सिलेबस कक्षा 11वीं और 12वीं के भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान पर आधारित होगा. इसे 13 भाषाओं में आयोजित किया जाएगा.

साथ ही, एनएमसी ने 2025 के पाठ्यक्रम में संशोधन किया है, जिसे उम्मीदवार एनएमसी की आधिकारिक वेबसाइट nmc.org या एनटीए पोर्टल nta.ac.in पर देख सकते हैं. सशस्त्र सेना के मेडिकल अस्पतालों में बी.एससी नर्सिंग के उम्मीदवारों को 2025-26 से नीट परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा. यह फैसला राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत लिया गया है.

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 477- | 678-1 |
| श्रीदेवी नाईट | 255-2 | 290-1 |
| प्रभात | 678-1 | 130-4 |
| प्रभात नाईट | 268-6 | 389-0 |
| डायमंड | 140-5 | 450-9 |
| मेन बाजार | 380-1 | - |
| मिलन डे | 279-8 | 148-3 |
| मेन रतन | 580-3 | 167-4 |
| कल्याण | 679-2 | 270-9 |
| राजधानी डे | 248-4 | 390-2 |
| राजधानी नाईट | 123-6 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 378-8 | 130-4 |

# पुराने व्यवसायियों को मिले प्राथमिकता: चटर्जी

**नागपुर.**

पिछले कुछ दिनों से अतिक्रमण निर्मूलन की कारवाई को लेकर हाकर्स और मनपा प्रशासन के बीच में रस्साकसी चल रही है। हाकर्स संगठन से शहर में अतिक्रमण हटाने का विरोध हो रहा है। इस बीच गुरुवार को महानगरपालिका मुख्यालय में गुरुवार को नगर पथ विक्रेता समिति (टाऊन वेंडिग कमेटी) की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मनपा आयुक्त डॉ अभिजीत चौधरी ने की। बैठक में मनपा उपायुक्त मिलिंद मेश्राम, हाकर्स संगठन के अध्यक्ष और समिति सदस्य अब्दुल रज्जाक, अन्य संगठनों के प्रतिनिधि और स्वयंसेवी संगठनों के संदीप मानकर और कौस्तुभ चटर्जी

### टीवीसी की बैठक हुई संपन्न



समेत अन्य उपस्थित थे.

बैठक में हाकर्स संगठनों की ओर से शहर में रास्तों के किनारे और फुटपाथ पर अतिक्रमण निर्मूलन अभियान का विरोध किया गया। हाकर्स संगठन के अध्यक्ष अब्दुल रज्जाक ने बैठक में कहा कि सीताबर्डी में मनपा प्रशासन से जबरन कार्रवाई आरंभ की गई है। इस इलाके में बरसों पहले मनपा प्रशासन ने 103 हाकर्स को लाइसेंस दिया है। अब 75 हाकर्स को जोड़कर पुर्नवास करने की चर्चा की जा रही है, जबकि वर्तमान में 344 हाकर्स इस इलाके में व्यवसाय कर रहे है। मनपा को आंतरिक कार्यप्रणाली में सुधार कर नए सिरे से लाइसेंस जारी कर सीताबर्डी बाजार में ही पुर्नस्थापित करना चाहिए। बैठक में मनपा अधिकारियों ने मोर भवन के समीप सिमेंट रोड पर सीताबर्डी के वैकल्पिक हाकर्स जोन का प्रस्ताव रखा।

इसके लिए लाइसेंस धारक हाकर्स को लेकर सवाल खड़े हुए। इस मामले में स्वयंसेवी संगठन के प्रतिनिधि कौस्तुभ चटर्जी ने कहा कि हाकर्स और मनपा ने संयुक्त बैठक कर तीन श्रेणी में हाकर्स को चिन्हित करना चाहिए।

पहली श्रेणी में पारंपरिक रूप से बरसों से व्यवसाय करने वाली, दूसरी श्रेणी में लाइसेंस के लिए आवेदनकर्ता हाकर्स और तीसरी श्रेणी में नए हाकर्स को शामिल करना चाहिए। हॉकर्स जोन में पुनर्वास के लिए पारंपरिक रूप से बरसों पुराने हाकर्स को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बैठक में पथ विक्रेता (उपजिविका संरक्षण व पथ विक्री विनियमन) अधिनियम 2014 के प्रावधानों में संशोधन के अधिकार को लेकर लेकर एजेंडा रखा गया था। इस मामले में राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजने पर सहमति बनी है। इसके साथ ही बैठक में चर्चा करने वाले मुद्दों को अगली बैठक में एजेंडा में शामिल करने पर भी सहमति बनी है।

# शिवलिंग की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश शोभायात्रा

**कामठी.**

ओमनगर स्थित नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में शिवलिंग सहित गणेश मूर्ति, हनुमान मूर्ति और नंदी बैल की प्रतिमा की स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा के लिए गुरुवार को एक भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति के उपाध्यक्ष उदयसिंह यादव और मानद सचिव सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी के मार्गदर्शन में आयोजित की गई।

कलश शोभायात्रा का आयोजन आचार्य आनंद मिश्रा (बनारस-काशी), प्रज्वल शास्त्री (बनारस-काशी) और रघुवर प्रसाद मिश्रा के नेतृत्व में ओमनगर दुर्गा मंदिर परिसर से शुरू हुई। यात्रा में करीब 51 कन्याओं और महिलाओं ने भाग लिया। यात्रा पंकज मंगल कार्यालय चौक, कलमना रोड, चंपा आश्रम, गरुड़ा चौक, माल रोड होते हुए कन्हान नदी के महादेव घाट पर जल भरने के लिए पहुंची। इसके बाद कलश को मंदिर प्रांगण में रखा गया और सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कई प्रमुख महिलाएं उपस्थित थीं, जिनमें पायल, सुमित अन्नू श्रीकांत सिंधिया, सोनाली बांछानिधि नंदी, नीलम राजकुमारसिंह बघेल, मीणा पुल्लरवार, रेखा श्रावण केझरकर, शीला चेतनदास खंडेलवाल, रसिका रमेश अलोनी, उर्मिला संजय बावनकुले, वंदना दीपक निकोसे, वीणा सौमित्र नंदी, कल्पना अशोक मंथनवार, वर्षा आकाश काटरपवार, ज्योति प्रमोद बावनकुले, सरला आरोड़े, सुनीता त्रिवेदी, रश्मि उमाठे जैन, त्रिवेणी लोंदे, राजश्री अमृतकार, सुषमा चोंदे, सपना अग्रवाल, वंदना वर्मा, कविता पाल, वैष्णवी केझरकर, विशाखा सिरसागर, पूजा केझरकर, बबीता यादव, आंचल राजकुमारसिंह बघेल, श्रुति सौमित्र नंदी, कशिश बावनकुले, निधि विश्वकर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहीं। यात्रा के दौरान "हर महादेव" के नारे लगते रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम की सफलता में ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य और अन्य सहयोगी भी सक्रिय थे, जिनमें उपाध्यक्ष उदयसिंह यादव, मानद सचिव सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी, सहसचिव श्रावण केझरकर, कोषाध्यक्ष अन्नू श्रीकांत सिंधिया पाण्डेय, सदस्य राजेश पिल्ले, नीलम राजकुमारसिंह बघेल, भारती प्रमोद ठाकरे, रश्मि जैन और चित्रकार रोहित चौधरी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।



### कार्यक्रम की सफलता में योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में दुर्गा उत्सव समिति के उपाध्यक्ष उदयसिंग यादव, मानद सचिव सौमित्र नंदी, सहसचिव श्रावण केझरकर, कोषाध्यक्ष अन्नू श्रीकांत सिंधिया, सदस्य नीलम राजकुमार सिंह बघेल, और राजकुमार सिंह बघेल समेत सैकड़ों श्रद्धालु सक्रिय रहे।

# कमिन्स महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्टार्टअप डे मनाया गया

**नागपुर.**

कमिन्स अभियांत्रिकी महिला महाविद्यालय के उद्योजकता विभाग द्वारा सोमवार, 13 जनवरी को कॉलेज परिसर में राष्ट्रीय उद्योजकता दिवस के अवसर पर 'आइडिएशन' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन कमिन्स महाविद्यालय और रतन टाटा-महाराष्ट्र राज्य कौशल विश्वविद्यालय के संयुक्त प्रयास से किया गया।

इस प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने अपनी विचारधारा प्रस्तुत की। पहले दौर के बाद, 20 टीमों को अंतिम पिचिंग के लिए चुना गया। इन 20 टीमों ने विशेषज्ञों के सामने अपनी विचारधाराएं प्रस्तुत की। डॉ. संदीप खेडकर, हेड इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन, वाईसीसीई, नागपुर और डॉ. योगिता कस्तुरे, वेदिक प्रकल्प समन्वयक ने विभिन्न पैरामीटर पर इन विचारों का मूल्यांकन किया। आगे चलकर, ये 20 टीमें आरटी



-एमएसएसयू के ग्रैंड फिनाले में भी भाग लेंगी, जहां शॉर्टलिस्ट की गई टीमों को इन्क्यूबेशन समर्थन प्राप्त होगा। विचार-विमर्श के बाद, डॉ. योगिता कस्तुरे ने छात्रों के लिए उद्योजकता पर एक परिसंवाद भी आयोजित किया। समापन समारोह में विजेताओं को ₹25,000 तक की नकद पुरस्कार राशि दी गई। पहले पुरस्कार के रूप में ₹10,000 "लॉकिंग" टीम को, दूसरे पुरस्कार के रूप में ₹5,000 "ड्रीमलेस" टीम को और तीसरे पुरस्कार के रूप में ₹3,000 "सी. वी. प्रिझम" टीम को प्रदान किए गए। साथ ही तीन प्रोत्साहन पुरस्कार भी ₹2,000 प्रत्येक दिए गए। प्राचार्य डॉ. मिलिंद खानापूरकर ने विजेताओं को बधाई दी और विद्यार्थियों को भविष्य में उद्योजकता पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के स्थानीय प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ. मकरंद करकरे को एलआईटी पूर्व विद्यार्थी संघटन द्वारा "ज्वेल ऑफ एलआईटी" पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की सफलता के लिए डॉ. मिलिंद खानापूरकर के मार्गदर्शन में डॉ. अमोल मोराणकर, प्रा. अमित कुर्मी, और प्रा. अनिल बावस्कर ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।